CS (m) 2011

Serial No.

**B–DTN–L–HTA**

# GENERAL STUDIES

## Paper—I

*Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 300*

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt all questions strictly in accordance with the instructions given under each question.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

1. Answer ***any three*** of the following in about 250 words each : 20×3=60

(a) 'Essentially all that is contained in Part IV-A of the Constitution is just a codification of tasks integral to the Indian way of life.' Critically examine this statement.

(b) 'The exercise of executive clemency is not a privilege but is based on several principles, and discretion has to be exercised in public considerations.' Analyse this statement in the context of the judicial powers of the President of India.

(c) Discuss the extent, causes, and implications of the 'nutrition transition' said to be underway in India.

(d) Bring out the salient features of the PCPNDT Act, 1994, and the implications of its amendment in 2003.

2. Answer ***one*** of the following in about 250 words : 20

(a) Trace the salient sequence of events in the popular revolt that took place in February 1946 in the then 'Royal Indian Navy' and bring out its significance in the freedom struggle. Do you agree with the view that the sailors who took part in this revolt were some of the unsung heroes of the freedom struggle ?

1. निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में होने चाहिए : 20×3=60

(क) "संविधान के भाग 4-क में जो भी समाविष्ट किया गया है, वह सब आवश्यक रूप से भारतीय जीवन-पद्धति के अंगभूत कार्यों का संहिताकरण मात्र है।" समालोचनापूर्वक इस कथन का परीक्षण कीजिए।

(ख) "कार्यपालिका-राज्यक्षमा का प्रयोग करना विशेषाधिकार नहीं है, अपितु वह अनेक सिद्धांतों पर आधारित है, और विवेक का प्रयोग लोक सोच-विचारों में करना आवश्यक होता है।" भारत के राष्ट्रपति की न्यायिक शक्तियों के संदर्भ में, इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

(ग) भारत में घट रहे कहे जाने वाले 'पोषण संक्रमण' के विस्तार, कारणों एवं निहितार्थों पर चर्चा कीजिए।

(घ) पीसीपीएनडीटी अधिनियम, 1994 के प्रमुख अभिलक्षणों पर, और 2003 में उसके संशोधन के निहितार्थों पर, प्रकाश डालिए।

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** का लगभग 250 शब्दों में उत्तर दीजिए : 20

(क) फरवरी 1946 में, तत्कालीन 'रायल इंडियन नेवी' में घटित होने वाले लोक विद्रोह में घटनाओं के प्रमुख अनुक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए और स्वतंत्रता संग्राम में उसके महत्व पर प्रकाश डालिए। क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि इस विद्रोह में भाग लेने वाले नाविक स्वतंत्रता संग्राम के कुछ अकीर्तित वीरों में से कुछ थे ?

(b) Evaluate the influence of the three important women's organizations of the early twentieth century in India on the country's society and politics. To what extent do you think were the social objectives of these organizations constrained by their political objectives ?

3. Answer *one* of the following in about 250 words : 20

(a) Critically examine the design of the National Rural Livelihoods Mission (NRLM) scheme. Do you think it has a better chance of success than the Swarnajayanti Gram Swarojgar Yojana (SGSY) in achieving its objectives ?

(b) Highlight the structure, objectives and role of the Advertising Standards Council of India. In what way has the August 2006 government notification made it more effective ?

4. Comment on *any five* of the following in about 150 words each : 12×5=60

(a) Salient recommendations of the RBI-appointed Damodaran committee on customer service in Banks.

(b) Deendayal Disabled Rehabilitation Scheme (DDRS).

(ख) भारत में प्रारंभिक बीसवीं शताब्दी के तीन महत्वपूर्ण महिला संगठनों का देश के समाज और राजनीति पर प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए। आपके विचार में, उन संगठनों के राजनीतिक उद्देश्यों के द्वारा उनके सामाजिक उद्देश्य किस सीमा तक बाध्य हो गए थे ?

3. निम्नलिखित में से किसी *एक* का लगभग 250 शब्दों में उत्तर दीजिए : 20

(क) राष्ट्रीय ग्रामीण जीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.) योजना के अभिकल्प का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए। क्या आपके विचार में अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में, स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना (एस.जी.एस.वाई.) की अपेक्षा इस मिशन की सफलता प्राप्ति की अधिक संभावना है ?

(ख) 'भारतीय विज्ञापन मानक परिषद' की संरचना, उद्देश्यों एवं भूमिका पर प्रकाश डालिए। अगस्त 2006 की सरकारी अधिसूचना ने इसको किस प्रकार अधिक प्रभावी बना दिया है ?

4. निम्नलिखित में से ***किन्हीं पांच*** पर टिप्पणियां लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में होनी चाहिए : $12 \times 5 = 60$

(क) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा, बैंकों में ग्राहक सेवा पर नियुक्त दामोदरन समिति की प्रमुख सिफारिशें।

(ख) दीनदयाल अपंग पुन:स्थापन योजना (डी.डी.आर.एस.)।

(c) Evolution of 'Green Benches' in our higher judiciary.

(d) Distinction between 'Department Related Parliamentary Standing Committees' and 'Parliamentary Forums'.

(e) Benefits and potential drawbacks of 'cash-transfers' to 'Below Poverty Line' (BPL) households.

(f) New initiatives during the 11th Five Year Plan in the National Programme for Control of Blindness (NPCB).

5. Examine ***any three*** of the following in about 150 words each : 12×3=36

(a) The impact of climate change on water resources in India.

(b) Measures taken by the Indian government to combat piracy in the Indian Ocean.

(c) The significance of counter-urbanisation in the improvement of metropolitan cities in India.

(d) Problems specific to the denotified and nomadic tribes in India.

6. In the context of the freedom struggle, write short notes (not exceeding 50 words each) on the following : 5×3=15

(a) 'Benoy-Badal-Dinesh' martyrdom

(b) Bharat Naujawan Sabha

(c) 'Babbar Akali' movement.

7. Comment on the following in not more than 50 words each : 5×6=30

(a) Phase-IV of the tiger monitoring programme in India.



(Contd.)

(ग) हमारी उच्च न्यायपालिका में "हरित न्यायपीठों" का विकास।

(घ) 'विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समितियों' और 'संसदीय मंचों' के बीच विभेद।

(च) 'गरीबी रेखा से नीचे' (बी.पी.एल.) परिवारों को 'नक़दी-अंतरणों' के लाभ और संभाव्य त्रुटियां।

(छ) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, अंधापन के नियंत्रण का राष्ट्रीय कार्यक्रम (एन.पी.सी.बी.) में नई पहलें।

5. निम्नलिखित में से *किन्हीं तीन* का परीक्षण कीजिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हो : 12×3=36

(क) भारत में जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव।

(ख) हिंद महासागर में समुद्री डकैती का मुकाबला करने के लिए भारत सरकार द्वारा किए गए उपाय।

(ग) भारत में महानगरों के सुधार में प्रति-शहरीकरण का महत्व।

(घ) भारत में वि-अधिसूचित और खानाबदोशी जनजातियों की विशिष्ट समस्याएं।

6. स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में, निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां (प्रत्येक 50 शब्दों से अधिक नहीं) लिखिए : 5×3=15

(क) 'बिनय-बादल-दिनेश' शहादत

(ख) भारत नौजवान सभा

(ग) 'बब्बर अकाली' आंदोलन।

7. निम्नलिखित पर टिप्पणियां लिखिए, जो प्रत्येक 50 शब्दों से अधिक में न हों : 5×6=30

(क) भारत में बाघ अनुवीक्षण कार्यक्रम का फेज़-IV।

(b) Why the Central Statistics Office has notified a new series of Consumer Price Index from this year ?

(c) Composition and functions of the National Executive Committee of the National Disaster Management Authority.

(d) The Bihar Special Courts Act, 2009 and why it has been in the news recently ?

(e) The Telecommunications Ministry's proposed Spectrum Management Commission.

(f) The Community-Led Total Sanitation (CLTS) approach to sanitation.

8. Attempt the following in not more than 50 words each : 5×4=20

(a) Distinguish ***either*** between the 'Moatsu' and 'Yemshe' festivals of Nagaland ***or*** the 'Losar' and 'Khan' festivals of Arunachal Pradesh.

(b) Write a sentence each on ***any five*** of the following traditional theatre forms :

(i) *Bhand Pather*

(ii) *Swang*

(iii) *Maach*

(iv) *Bhaona*

(v) *Mudiyettu*

(vi) *Dashavatar.*

(ख) क्या कारण है कि केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने इस वर्ष से उपभोक्ता कीमत सूचकांक की एक नई श्रेणी को अधिसूचित किया है ?

(ग) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति का संघटन और उसके प्रकार्य।

(घ) बिहार विशेष न्यायालय अधिनियम, 2009 और वह हाल में खबरों में क्यों बना रहा है ?

(च) दूरसंचार मंत्रालय का प्रस्तावित स्पैक्ट्रम प्रबंधन आयोग।

(छ) सफाई का समुदाय-अग्रीकृत संपूर्ण सफ़ाई (सी.एल.टी.एस.) उपागम।

8. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 50 शब्दों से अधिक में न हों : $5 \times 4 = 20$

(क) ***या*** नागालैंड के 'मोएत्सु' और 'येम्शे' त्यौहारों के बीच ***या*** अरुणाचल प्रदेश के 'लोसर' और 'खान' त्यौहारों के बीच विभेदन कीजिए।

(ख) निम्नलिखित पारंपरिक रंगमंच रूपों में से ***किन्हीं पांच*** पर एक-एक वाक्य लिखिए :

(i) *भांड पाथेर*

(ii) *स्वांग*

(iii) *माछ*

(iv) *भाओना*

(v) *मुडियेट्टू*

(vi) *दशावतार*।

(c) What are the major different styles of unglazed pottery making in India ?

(d) List the classical dance forms of India as per the Sangeet Natak Akademi.

9. Comment on following in not more than 50 words each : 5×5=25

(a) Nisarga-Runa technology of BARC.

(b) The first-aid that you can safely administer to a person standing next to you at the bus-stop who suddenly faints.

(c) The Kaveri K-10 aero-engine.

(d) Molecular Breast Imaging (MBI) technology.

(e) E-governance initiatives by the Union Public Service Commission (UPSC).

10. Who are the following and why have they been in the news recently ? (Each answer should not exceed 20 words) 2×7=14

(a) Lieutenant Navdeep Singh

(b) Rahim Fahimuddin Dagar

(c) Lobsang Sangay

(d) P. R. Sreejesh

(e) Nileema Mishra

(f) V. Tejeswini Bai

(g) Aishwarya Narkar

(ग) भारत में चमकहीन मृद्भांड निर्माण की प्रमुख विभिन्न शैलियां कौन-कौनसी हैं ?

(घ) संगीत नाटक अकादमी के अनुसार भारत के शास्त्रीय नृत्य रूपों की सूची बनाइए।

9. निम्नलिखित पर टिप्पणियां लिखिए, जो प्रत्येक 50 शब्दों से अधिक में न हों : $5 \times 5 = 25$

(क) 'बार्क' की निसर्ग-रूना प्रौद्योगिकी।

(ख) प्रथम उपचार, जो बस स्टाप पर आपके पास खड़े हुए, अचानक बेहोश हो जाने वाले व्यक्ति को आप सुरक्षित रूप से प्रदान कर सकते हैं।

(ग) कावेरी K-10 वायुयान इंजन।

(घ) आण्विक स्तन चित्रण (एम.बी.आई.) प्रौद्योगिकी।

(च) संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) द्वारा ई-शासन पहलें।

10. निम्नलिखित कौन हैं और हाल में वे ख़बरों में क्यों रहे हैं ? (प्रत्येक उत्तर 20 शब्दों से अधिक में नहीं होना चाहिए) $2 \times 7 = 14$

(क) लेफ्टिनेंट नवदीप सिंह

(ख) रहीम फहीमुद्दीन डागर

(ग) लोबसांग संगे

(घ) पी.आर. श्रीजेश

(च) नीलिमा मिश्रा

(छ) वी. तेजस्विनी बाई

(ज) ऐश्वर्य नारकर

Serial No. | | **B–DTN–L–HTA**

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र—I

*समय : तीन घण्टे* | *पूर्णांक : 300*

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*उम्मीदवारों को **सभी** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए गए अनुदेशों के अनुसार ही करने चाहिए।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं।*

***Note :** English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*